अविकानगर में लगेगा राष्ट्रीय पशु व किसान मेला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में 29 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय भेड़, ऊन व किसान मेले की तैयारियों को लेकर मंगलवार को संस्थान निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

संस्थान निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर ने बताया कि संस्थान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय भेड़, ऊन व किसान मेले में हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात व राजस्थान के लगभग चार से पांच हजार किसान भाग लेंगे। किसान सम्मेलन में 70 सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों की ओर से स्टालें लगाई जाएगी।

मेले में केन्द्रीय कृषि मंत्री रहेंगे मुख्य अतिथि:- मेले में मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह, विशिष्ठ अतिथि केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी, सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, राज्य सभा सदस्य विजय पाल सिंह तोमर, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा होंगे।

मालपुरा अविकागनर संस्थान में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते संस्थान निदेशक।

नलों में आ रहा गंदला पानी:
झिलाय (निवाई). पंचायत के वार्ड 7 व 8 में कुछ दिनों से नलों में गंदला पानी आ रहा है। चौथमल माहुर ने बताया कि जलदाय विभाग की लापरवाही के कारण नलों में गंदला पानी आ रहा है। माहुर ने बताया कि जगह-जगह पानी की लाइनें टूटी हुई होने से नलों में सुबह गंदला पानी आ रहा है। माहुर ने कलक्टर को पत्र प्रेषित कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की हैं।